**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 10.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- सी. पी. राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं।
- समाज कल्याण निदेशालय की ओर से दस दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
- कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 'रंगमंच महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा।
- द्वीपसमूह में आज और कल भारी वर्षा की चेतावनी।

<><><><><><><>

सी पी राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के गवर्नर श्री राधाकृष्णन ने आई.एन.डी.आई. गठबंधन के प्रत्याशी और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया। उपराष्ट्रपति चुनाव की मतगणना के बाद राज्यसभा के महासचिव और रिटर्निंग ऑफिसर पी सी मोदी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कुल 781 मतदाता सांसदों में से 767 सांसदों ने मतदान किया। राज्यसभा महासचिव ने बताया कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सी पी राधाकृष्णन को उप–राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि श्री राधाकृष्णन का दशकों का सार्वजनिक जीवन में समृद्ध अनुभव देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति बनने पर सी पी राधाकृष्णन को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि उनका जीवन सदैव समाज की सेवा करने और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में सुधारों की घोषणा की। जीएसटी सुधार आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए किए गए हैं और ये 22 सितंबर से लागू होंगे। "सरकार ने सेवा और पर्यटन क्षेत्र में आम लोगों को राहत देते हुए जीएसटी दरों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। जिम, सैलून नाई और योग सेवाओं पर अब 18 प्रतिशत की जगह केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा । इस फैसले से न सिर्फ यह सेवाएं सस्ती और सुलभ होगी बल्कि लोग नियमित रूप से फिटनेस, सौंदर्य और योगाभ्यास जैसी स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। परिषद ने होटल उद्योग के लिए भी महत्वपूर्ण राहत दी है। 7500 प्रतिदिन तक के होटल में ठहरने पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत तक कर दिया गया है । इससे यात्रियों को किफायती सुविधा मिलेगी और आतिथ्य व पर्यटन क्षेत्र को सीधा प्रोत्साहन मिलेगा। इससे यात्रियों को कम दाम में अच्छे विकल्प मिलेंगे। वे ज्यादा दिन रुक पाएंगे और भारत घरेलू व विदेशी पर्यटकों के लिए एक आकर्षित जगह बनेगा। इस कदम से भारत की सेवा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को सार्थक राहत प्राप्त होगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की राज्य महिला सशक्तिकरण केंद्र की ओर से दस दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में राजाजी नगर आंगनवाड़ी केंद्र में SHE Box और POSH अधिनियम पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ICDS शहरी परियोजना की मुख्य सेविका जेसी जॉर्ज ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इसके अलावा जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के पास महिलाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपने जीवन के बारे में निर्णय लेने के लिए ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला गया। लिंग विशेषज्ञ हेमलता और दीपा लक्ष्मी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण किसी भी समाज के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है; और सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को अपने अधिकारों और राष्ट्र के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक होना होगा। कार्यक्रम में कुल 140 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने स्वच्छता ही सेवा 2025 के आगामी राष्ट्रीय अभियान की तैयारी पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा है कि स्वच्छता एक दिन का प्रयास नहीं, बल्कि वर्ष भर की प्रतिबद्धता है। श्री मनोहर लाल ने गांवों, शहरों और ग्रामीण और शहरी संक्रमणकाली क्षेत्रों को अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने का आग्रह किया। उन्होने स्वच्छता को एक साझा धर्म बताया। बैठक में जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल भी मौजूद थे। श्री पाटिल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा एक जन आंदोलन है जो राष्ट्र को सामूहिक कार्यों में एकजुट करता है। केन्द्रीय आवासन और जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस बैठक का उद्देश्य इस महीने की 17 तारीख से अगले महीने की 2 तारीख तक स्वच्छोत्सव विषय से आयोजित होने वाले अभियान की योजना और व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था।

<><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 'रंगमंच महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। 25 और 26 सितंबर को आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक पहल का उद्देश्य भारतीय साहित्य की समृद्धि और सामाजिक चिंतन एवं कला के माध्यम से रंगमंच की शक्ति को उजागर करना है। इसमें द्वीपसमूह के विभिन्न सांस्कृतिक संघों और रंगमंच समूह को प्रसिद्ध भारतीय साहित्य के मंचीय रूपांतरण प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। महोत्सव में वर्तमान सामाजिक विषयों जैसे शिक्षा, लैंगिक समानता, मानसिक स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता पर आधारित मौलिक नाटक शामिल होंगे। प्रत्येक नाटक की अवधि 40 से 60 मिनट के बीच होनी चाहिए। चयनित प्रविष्टियों को ही महोत्सव के दौरान प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि 19 सितंबर है। इच्छुक सांस्कृतिक संघ प्रस्तुतिकरण दिशानिर्देशों और अन्य विवरणों के लिए कला एवं संस्कृति विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><>

आज सुबह से ही श्री विजयपुरम और आस–पास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ भारी वर्षा हो रही है। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><>

केन्द्रीय शिक्षा माध्यमिक बोर्ड ने दो हजार छब्बीस की सीबीएसई परीक्षा के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं के प्राइवेट विद्यार्थियों से आवेदन पत्र जमा करने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीदवार सीबीएसई वेबसाइट पर "व्यक्तिगत परीक्षार्थी" पोर्टल के माध्यम से 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए सभी कार्य दिवसों में सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच सीबीएसई हेल्पलाइन नंबर 1800–11–8002 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग 12 से 26 सितंबर तक संयुक्त स्नातक स्तरीय –टियर–1 परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की ई–प्रवेश पत्र निर्धारित परीक्षा तिथि से पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

<><><><><>

एयरक्राफ्ट की ओर से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास आज, सत्रह और चौबीस तारीख को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इसके अलावा कल, अट्ठारह और पच्चीस सितम्बर को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस संबंध में सभी संबंधितों से स्वयं को और अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><>